एक नजर में

## अमेजन बाजार पर रोजमर्रा के प्रोडक्ट्स पर छूट

**इंदौर**. अमेजन बाजार अपने ग्राहकों के लिए फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ सहित कई कैटेगरी में शानदार बचत के मौके लेकर आया है, जहां उत्पादों की कीमतें 99 रुपये से शुरू हो रही हैं. अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के दौरान ग्राहक चुनिंदा टॉप प्रोडक्ट्स पर 80% तक की छूट और 500 रुपये तक का कैशबैक पा सकते हैं. इसके अलावा 99 रुपये से शुरू होने वाले आइटम्स पर और अमेजन बाजार की पहली खरीदारी पर ग्राहकों को 50 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा. बेहद किफायती रेंज और बहुत कम कीमतों के साथ अमेजन बाजार देशभर में ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों और पसंद को ध्यान में रखते हुए ट्रेंडी और बजट-फ्रेंडली प्रोडक्ट्स तक आसान पहुंच उपलब्ध करा रहा है. ग्राहक अमेजन पे के जरिए समझदारी से खरीदारी कर सकते हैं और कई तरह के पेमेंट व रिवॉर्ड फायदों के साथ ज्यादा बचत कर सकते हैं.

## छठा पाचा के ट्रेलर लॉन्च पर उमड़ी भीड़

**इंदौर**. छठा पाचा- द रिंग ऑफ राउडीज का लंबे समय से इंतजार हो रहा था और अब फिल्म का ट्रेलर ऑफिशियली रिलीज हो गया है. इसने कोच्चि के लुलु मॉल में हुए एक ग्रैंड ट्रेलर और म्यूजिक लॉन्च में जबरदस्त लहर पैदा की. ट्रेलर 'छठा पाचा' की दमदार, वाइब्रेंट और हाई-एनर्जी वाली दुनिया की एक झलक दिखाता है, जो साफ तौर पर एक लार्ज स्क्रीन एक्सपीरियंस की उम्मीदें जगाता है. मशहूर म्यूजिक तिकड़ी शंकर एहसान लॉय के सपोर्ट में यह इवेंट म्यूज़िक, सिनेमा और स्केल के एक जबरदस्त सेलिब्रेशन के तौर पर सामने आया. लुलु मॉल में जबरदस्त माहौल था, जिसमें एनर्जेटिक और एक्साइटेड भीड़ हर रिवील पर जोश से रिस्पॉन्स दे रही थी. शाम को बेनी दयाल, विजय येसुदास, सिद्धार्थ महादेवन, एमसी कूपर, प्रणवम ससी, अनूप शंकर और आनंद श्रीराज जैसे मशहूर कलाकारों ने लाइव परफॉर्मेंस दी.

## मेकमायट्रिप ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े संकेत पेश किए

**इंदौर**. ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप तकनीकी और यूज़र द्वारा साझा की गई जानकारियों का उपयोग करते हुए महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग के दौरान अधिक भरोसे के साथ निर्णय लेने में मदद कर रही है। यह पहल प्लेटफ़ॉर्म पर सामने आए यूज़र व्यवहार के ट्रेंड्स पर आधारित है, जिनसे साफ़ होता है कि महिला यात्री बुकिंग से पहले विकल्पों की बारीकी से जांच-परख करती हैं. इसमें रिव्यू पर अधिक क्लिक करना यानी रिव्यूज़ को ध्यान से पढ़ना, मैप्स और स्ट्रीट व्यू पर ज्यादा समय देना और बुकिंग कन्फर्म करने से पहले अन्य मेहमानों द्वारा अपलोड की गई तस्वीरों को बारीकी से देखना शामिल है. मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा, महिलाएं अपनी यात्रा की योजना बनाते समय पहले से ही बेहद सतर्क रहती हैं. प्लेटफॉर्म पर दिख रहे बुकिंग पैटर्न से पता चलता है कि वे स्टे और यात्रा मार्ग- दोनों का मूल्यांकन कितनी सोच-समझकर करती हैं.

## फिलपकार्ट ने मार्केटप्लेस गवर्नेंस फ्रेमवर्क को मजबूत किया

**इंदौर**. फिलपकार्ट अपने प्लेटफॉर्म पर निष्पक्षता, प्रामाणिकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपने कंप्लायंस गवर्नेंस फ्रेमवर्क में लगातार निवेश कर रहा है. यह प्रोएक्टिव और विकसित दृष्टिकोण फिलपकार्ट मार्केटप्लेस की गवर्नेंस के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिस पर 1.4 मिलियन से अधिक सैलर्स की लाखों लिस्टिंग्स हैं. बेहतरीन टेक्नोलॉजी, संरचनाबद्ध मानवीय निगरानी और औपचारिक कंप्लायंस नीतियों की मदद से फिलपकार्ट एक विश्वसनीय, सुसंचालित वातावरण सुनिश्चित करता है. फिलपकार्ट के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, साकेत चौधरी ने कहा एक विश्वसनीय और अनुपालन आधारित मार्केटप्लेस का निर्माण फिलपकार्ट के संचालन के लिए आवश्यक है. हमारे सक्रिय दृष्टिकोण और मजबूत सिस्टम के साथ हम अपने ईमानदार सैलर पार्टनर्स की समस्याओं को खत्म कर रहे हैं तथा अपने ग्राहकों को सत्यापित स्रोतों से सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं.

## ट्रैवल फोटोग्राफी शौकीनों के लिए रेनो 15 सीरीज



**इंदौर**. ओपो इंडिया ने अपनी प्रीमियम रेनो 15 सीरीज़ में तीन वैरिएंट, रेनो15 प्रो, रेनो15 प्रो मिनी और रनो 15 लॉन्च किए. यह सीरीज़ युवा यात्रा प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए तैयार की गई है. इसमें एडवांस्ड कैमरा सिस्टम, इंटैलिजेंट यू एआई और सटीक इंजीनियरिंग के साथ बेहतरीन डिज़ाइन दिया गया है. रेनो15 प्रो और रेनो15 प्रो मिनी में असाधारण फोटोग्राफी के लिए 200एमपी का कैमरा दिया गया है, जो 50एमपी 3.5× ऑप्टिकल जूम लेंस, 120× तक डिजिटल जूम, प्योर टोन इमेजिंग टेक्नोलॉजी और एआई एडिटिंग टूल्स की मदद से बहुत साफ इमेज कैप्चर करता है. ओपो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने कहा रेनो 15 सीरीज़ के माध्यम से हम उन्हें अत्याधुनिक इमेजिंग सिस्टम, बेहतर एआई क्षमताएं और बेहतरीन ऑल-राउंड परफॉर्मेंस प्रदान कर रहे हैं. हमारी यह सीरीज़ युवाओं द्वारा यात्रा करने, क्रिएट करने और अपने पलों को कैप्चर करने के तरीके के अनुरूप विकसित की गई है.

## मोटोरोला रिपब्लिक डे पर लाया ऑफर्स

**इंदौर**. एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है. ये ऑफर्स आज से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे. मोटोरोला एज 60 प्रो को सिर्फ 25,999 रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है, जो पहले 29,999 रुपये थी. मोटोरोला एज 60 फ्यूजन को सिर्फ 19,999 रुपये में खरीदा जा सकता है. मोटो जी96 5जी 16,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा. मोटोरोला के जी सीरिज को मजबूत करते हुए, मोटो जी86 पॉवर अब सिर्फ 15,999 रुपये कीमत पर खरीदा जा सकता है. मोटो जी 67 पॉवर सिर्फ 14,999 रुपये की विशेष रिपब्लिक डे कीमत पर पर उपलब्ध होगा. . मोटो जी57 पॉवर अब तक की सबसे कम कीमत सिर्फ 12,999 रुपये में मिल रहा है. मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक, टी.एम. नरसिम्हन ने कहा यह रिपब्लिक डे सेल सभी वर्गों में ढेरों फीचर्स से लैस स्मार्टफोन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

## स्कोडा ऑटो ने भारत में नई कुशाक की पेश

**इंदौर**. स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक पेश की है, जो वैल्यू, सेफ्टी, डायनामिक्स को नए सिरे से परिभाषित करती है और यूरोपियन टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज़ करने की अपनी स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है. कुशाक इंडिया 2.0 स्ट्रैटेजी के तहत ब्रांड की पहली कार है और इसने भारत में कंपनी की ग्रोथ में तेज़ी लाई है. सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नए आठ-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाज फंक्शन, और कई नए फीचर्स और स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक, स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग को भारतीय सड़कों पर और ज्यादा आसान बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती है. स्कोडा ऑटो के सीईओ क्लॉस ज़ेल्मर ने कहा, नए रूप में आया कुशाक भारत के महत्व को और मज़बूती से रेखांकित करता है, जो स्कोडा ऑटो की अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में विस्तार रणनीति के लिए एक अहम आधार है. स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और भारत में कस्टमर्स के लिए ज्यादा आसान बनाना है.

## टीकेएम ने लॉन्च की ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूजर एबेला

**इंदौर**. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला को लॉन्च करने की घोषणा की, जो भारत के बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में टोयोटा की पहली एंट्री है. इलेक्ट्रिफाइड मोबिलिटी में टोयोटा की ग्लोबल विशेषज्ञता के साथ, सभी इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला में बोल्ड एसयूवी स्टाइलिंग, प्रीमियम केबिन अनुभव के साथ अंदर ज्यादा जगह, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और स्मूथ, भरोसेमंद इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस मिलती है. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मसाकाज़ू योशिमुरा ने कहा भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला के लॉन्च के साथ, हम भारत के ग्रीनर मोबिलिटी की ओर बदलाव में अपने समर्थन को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर तादाशी असाज़ुमा ने कहा इलेक्ट्रिफाइड टेक्नोलॉजी में तीन दशकों की ग्लोबल विशेषज्ञता के साथ टोयोटा ने अलग-अलग मोबिलिटी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लगातार फोकस्ड इनोवेशन में निवेश किया है।

## क्राफ्टन इंडिया आया राइजिंग स्टार प्रोग्राम 2026

**इंदौर**. क्राफ्टन इंडिया ने आज क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स राइजिंग स्टार्स प्रोग्राम 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है. यह पहल देशभर में नए और उभरते ईस्पोर्ट्स टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती हैय इस प्रोग्राम के दूसरे बैच के लिए रजिस्ट्रेशन 20 जनवरी से 20 फरवरी तक खुले रहेंगे। चुने गए राइजिंग स्टार्स के नाम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीजीआईएस 2026 के दौरान क्राफ्टन इंडिया के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से घोषित किए जाएंगे, और उन्हें साल के आखिर में ऑनबोर्ड किया जाएगा. क्राफ्टन इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर -ईस्पोर्ट्स, करण पाठक ने कहा राइजिंग स्टार 2026 के ज़रिए हमने एक ज्यादा व्यवस्थित और प्रदर्शन-आधारित प्रोग्राम तैयार किया है, जो मेहनत और आगे बढ़ने की क्षमता को महत्व देता है. यह प्रोग्राम भारत के ईस्पोर्ट्स इकोसिस्टम को मजबूत करने के हमारे लॉन्ग टर्म विज़न को दर्शाता है, जिसकी नींव हम जमीनी स्तर से मजबूत कर रहे हैं.

# महापौर और निगम आयुक्त पहुंचे जल सुनवाई में

▶ पानी की शिकायतों का निराकरण करने के दिए निर्देश



**इंदौर**. आज महापौर और निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल सुनवाई और लीकेज सुधार कार्यों का निरीक्षण किया. महापौर और आयुक्त ने गांधीहाल, महावीर बाग और जिंसी में जल सुनवाई और स्नेहलता गंज में गंदे पानी की शिकायत पर लीकेज सुधार कार्य का मौका मुआयना किया. साथ ही गुणवत्ता के साथ कार्य जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने वार्ड क्रमांक 49 में महावीर बाग, तिलक नगर और गांधी हॉल पानी की टंकी पर जल सुनवाई में जनता की समस्या को सुना. मौके पर मौजूद अधिकारियों और क्षेत्रीय प्रभारियों को पानी शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए. ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जन सुविधाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से झोन वार एवं वार्डवार शिविर लगाए जा रहे है. आज झोन 10 के वार्ड 49 में जल सुनवाई में महापौर भार्गव ने स्वयं नागरिकों की जल समस्याओं को सुना. नागरिकों द्वारा पानी न आने, दूषित पानी तथा पुरानी जलप्रदाय लाइनों के कारण समस्याओं की शिकायत की. इसके बाद महापौर एवं आयुक्त ने गांधी हाल टंकी पर जल सुनवाई का निरीक्षण किया. साथ स्नेहलतागंज में जलप्रदाय लीकेज सुधार कार्य एवं बड़ा गणपति क्षेत्र में निर्माणाधीन सम्पवेल का मौका मुआयना किया. महापौर ने पुरानी जलप्रदाय लाइनों को बदलकर नर्मदा लाइन से जोड़ने की कार्यवाही जल्दी करने के आदेश दिए. अधिकारियों को विशेष रूप से स्नेहलतागंज क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायतों के समाधान कार्य केके लेकफ भी निर्देश दिए. दोनों क्षेत्रों में. क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत, महापौर प्रतिनिधि विवेक सिंहा, पार्षद गजानंद गावडे, सुरेश टाकलकर, दोनों क्षेत्र के झोनल अधिकारी सहित निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

**सम्पवेल निर्माण से जिंसी एवं सुभाष चौक टंकी से होगा पूरा जलप्रदाय**

महापौर भार्गव एवं आयुक्त सिंघल ने निगम वर्कशॉप के पीछे निर्माणाधीन सम्पवेल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. वर्तमान में यशवंत सागर तालाब से शहर में आने वाले पानी से जिंसी हाट मैदान एवं सुभाष चौक पानी की टंकियों को एक बार ही भरा जा रहा है. सम्पवेल का निर्माण पूरा होने पर दोनों पेयजल टंकियों को प्रतिदिन दोबार भरा जाएगा. क्षेत्रों के नागरिकों को सुचारु तथा पूर्ण क्षमता से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा.



# नेताजी सुभाष अलंकरण से 6 विभूतियां 23 को होंगी सम्मानित

▶ चार दिवसीय नेताजी सुभाष जयंती समारोह

**इंदौर**. नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 6 विभूतियों को नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा.

नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी. उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित अलंकरण समारोह में डॉ. दिलीप वाघेला को पर्यावरण संरक्षण, पूजा दवे को समाजसेवा, बालक दास घोरेया को समाजसेवा, आदित्य तिवारी को गायन एवं यातायात जागरूकता, संदीप काले को समाजसेवा तथा आफताब आलम कुरैशी को समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर दादू महाराज, प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जनसिहं वर्मा, अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विरष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर धवन एवं चेतन चौधरी उपस्थित रहेंगे. यह समारोह 23 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे से इंडियन कॉफी हाउस, रीगल तिराहा, रानी सराय में आयोजित होगा. कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा वितरण, 28 जनवरी को पौधारोपण तथा 30 जनवरी को देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति आयोजित की जाएगी.



# राजपूत समाज का स्नेह सम्मेलन

**इंदौर**. राजपूत प्रगति परिषद इंदौर का 18वां पारिवारिक स्नेह सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन न्यू विजय नगर स्थित मिलन सुंदरम गार्डन परिसर में किया गया. राजपूत प्रगति परिषद इंदौर के स्नेह मिलन सम्मेलन कार्यक्रम में समाज के हर क्षेत्र में अपने विशेष योगदान देने वाले विशेष अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया.

सामाजिक हित में कार्य करने वाले एवं कक्षा 10 वीं और 12 वीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया. राजपूत प्रगति परिषद के अध्यक्ष रामविलास वासले ने बताया कि इस वर्ष समाज के युवक, युवतियों का एक परिचय सम्मेलन प्रथम बार एवं एक विशेष पत्रिका राजपूत समाज की पारिवारिक-परिणय परिचय स्मारिका 2026, लगभग 350 पेज की पुस्तक का भी विमोचन किया गया है. इस पत्रिका में वर्तमान में इंदौर में निवास राजपूत समाज के परिवार का पूर्ण विवरण दिया गया है. इस वार्षिक स्नेह सम्मेलन को सफल बनाने पर सभी समाजजनों का राजपूत प्रगति परिषद, इंदौर क्षत्रिय महाराणा प्रताप साख सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर, महाराणा सेना जिला ईंकाई, इंदौर ने आभार माना. संस्था के कोषाध्यक्ष भवानी राजपूत ने आभार माना.

# साहित्य में परिवारवाद होना बहुत अच्छी बात

▶ साहित्यकार पंडित श्रीधर जोशी स्मृति सम्मान समारोह



**इंदौर**. साहित्य में परिवारवाद होना अच्छी परंपरा है और इस परंपरा को जोशी परिवार कई पीढ़ियां से अच्छे से निभा रहा है. यह बात वरिष्ठ कवि नरेंद्र मांडलिक ने मालवा के कीर्तिशेष साहित्यकार पंडित श्रीधर जोशी जी की स्मृति में होने वाले सम्मान समारोह के दौरान कही. कार्यक्रम में पांच वरिष्ठ साहित्यकारों सदाशिव कौतुक, डॉ पुरुषोत्तम दुबे, कुसुमलता मंडलोई, डॉ विमल सक्सेना और पवन निम को पंडित श्रीधर जोशी स्मृति सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर श्रीधर जोशी की पत्नी ललिता जोशी की पुस्तक मेरा मधुबन का लोकार्पण भी किया गया.

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ला ने इस अवसर पर कहा सिर्फ लिख देने भर से आज साहित्यकार का कर्तव्य पूरा नहीं होता साहित्य का विस्तरण करना जरूरी है. आज का मानव साहित्य से दूर होता जा रहा है और गलत रास्ते की ओर बढ़ रहा है. साहित्य का विस्तरण करना राष्ट्रहित का काम है क्योंकि साहित्य हमें समाज और देश से जोड़ता है. ख्यात कवि पं. श्रीधर जोशी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित करने की पृष्ठभूमि में यही उद्देश्य निहित है. संचालन सुषमा दुबे ने किया. स्वागत भाषण मुकेश तिवारी ने दिया. धीरेंद्र जोशी ने श्रीधर जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. सरस्वती वंदना सुषमा व्यास पारिजात ने प्रस्तुत की, संस्था परिचय अर्चना दुबे ने दिया. आभार शैलेंद्र जोशी ने माना. अतिथियों का स्वागत लतिका जोशी ,ममता जोशी, मनीषा जोशी,रघुनंदन जोशी ने किया. इस अवसर पर इंदौर एवं महू के साहित्यकार हरे राम वाजपेई, संतोष मोहंती, ज्योति जैन, पदमा राजेंद्र, देवेंद्रसिंह सिसोदिया, माधुरी व्यास, आशा मुंशी, अरुणा खरगोनकर, विनीता तिवारी, संध्या राय चौधरी, मनोहर दुबे, मंजुला भूतड़ा, सुधा चौहान, अमिता मराठे, शोभारानी तिवारी, सुरेखा भारती, शिशिर उपाध्याय, शशि निगम, रामचन्द्र अवस्थी, भुवनेश दशोत्तर, मित्रा शर्मा,कुमुद सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित रहे.

**आईने को हमेशा साफ रखा जाना चाहिए**

कार्यक्रम की विशेष अतिथि सोनाली नरगुंदे ने कहा साहित्य समाज का आईना है और आईने को हमेशा साफ स्वच्छ रखा जाना चाहिए. वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने कहा जोशी जी जहां खड़े हो जाते थे वहां ठहाके लगना स्वाभाविक था वे बातों बातों में ही हास्य ढूंढ लेते थे. वरिष्ठ लघु कथाकार पुरुषोत्तम दुबे ने कहा आजकल जोशी जी जैसे साहित्यकार मिलना मुश्किल है जो स्वांत: सुखाय एवं साहित्य सेवा के लिए लिखते थे उन्होंने कभी भी अपने नाम के लिए नहीं लिखा.



# संगीत संध्या में सुरमयी प्रस्तुति ने मन मोह लिया

▶ म्यूजिकल संस्था संगीत सरिता का आयोजन

**इंदौर**. म्यूजिकल संस्था संगीत सरीता द्वारा इन्दौर प्रेस क्लब के सभागृह में फिल्मी नगमों से सजी सुरमई संगीत संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें सुमधुर प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया. संगीत महफिल में एक से बढ़कर एक चुनिंदा फिल्मी नगमों की पेशकश की गई. प्रस्तुति देने वाले कलाकारों ने दिल से गाया और हूबहू फनकारों की तर्ज पर सुरताल किया.

शहर के चुनिंदा गायक एवं गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी. इनमें दीपक शर्मा व श्रद्धा नागर ने आदमी मुसाफिर है, हर्ष मेहता व वंदना नागर ने हम जिस रस्ते पे चले, सुलेखा जी व भूषण कुलकर्णी ने ये लड़का हाय अल्लाह, राजू छाबड़ा व ममता ठाकुर ने हम तेरे बिन कही, अश्विनी व्यास व पुनीता व्यास ने आसमा के नीचे, दीपक शर्मा व वंदना नागर ने एक तेरा साथ, भूषण जी व श्रद्धा नागर ने बिन तेरे सनम, हर्ष मेहता व पुनीता व्यास ने ये पर्दा हटा दो, अश्विनी व्यास व ममता ठाकुर ने बाहों में तेरी मस्ती के घेरे, राजू छाबड़ा व सुलेखा जी ने देखा एक ख्वाब, दीपक शर्मा व पुनीता व्यास ने लूटे कोई मन का नगर, भूषण जी व वंदना नागर ने कांची रे कांची रे, हर्ष मेहता व ममता ठाकुर ने प्यार करते है हम तुम्हे इतना, अश्विनी व्यास व श्रद्धा नागर ने काहे को बुलाया मुझे बालमा, भूषण जी व पुनीता व्यास ने गुन गुना रहे है भंवरे, दीपक शर्मा व सुलेखा जी ने पत्ता पत्ता बूटा बूटा, राजू छाबड़ा व वंदना नागर ने तेरी उम्मीद तेरा इंतेज़ार, दीपक शर्मा व ममता ठाकुर ने अदाएं भी है, हर्ष मेहता व सुलेखा जी ने गापू ची गापु ची, राजू छाबड़ा व पुनीता व्यास ने हवा के साथ साथ, अश्विनी व्यास व वंदना नागर ने जाने जिगर जाने मन, भूषण जी व ममता ठाकुर ने तुम से दूर रह के, राजू छाबड़ा व श्रद्धा नागर ने तू यार तू ही दिलदार, अश्विनी व्यास व सुलेखा जी ने तुम आ गए हो और हर्ष मेहता व श्रृद्धा नागर ने दरिया किनारे एक बंगलो की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में शहर के संगीत रसिक जुटे और सुरमयी संध्या का आनंद लिया.

# चिन्मय अमृत रथयात्रा का शहर में किया स्वागत

▶ विद्यार्थियों के लिए आयोजित की प्रतियोगिता




**इंदौर**. चिन्मय मिशन के अमृत वर्ष के अमृत महोत्सव में गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद का दिव्य रथ और उसके साथ चलने वाले काफिले के प्रति शैक्षणिक संस्थानों एवं उनके छात्रों के द्वारा श्रद्धा की भावधारा बहाकर पूर्ण कुंभ से हार्दिक स्वागत किया जा रहा है. भगवद्गीता को आधार बनाकर विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों में पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें छात्रों ने भगवद्गीता और कृष्ण के प्रति अपनी पवित्र भावनाओं को अत्युत्तम एवं मनोहारी रूप में प्रस्तुत किया.

छात्रों द्वारा जगह-जगह आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं. 21 जनवरी को सिक्का कॉलेज ऑडिटोरियम में वर्तमान अध्यक्ष पी बाबूजी के द्वारा गुरुदेव की पादुकाओं और रथ का पूर्ण कुंभ से स्वागत किया जाएगा. कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ श्रीधर और प्रधानाचार्य डॉ शुक्ला स्वामी प्रबुद्धानंद, स्वामी अनुकूलानंद एवं यात्रा के साथ पधारे युवा-वीरों का स्वागत करेंगे. स्वामीजी द्वय का युवाओं में आध्यात्म और चारित्रिक उत्थान पर प्रवचन होगा. दोपहर में रथयात्रा का स्वागत गवर्नमेंट होल्कर साइंस कॉलेज भंवरकुआं के यशवंत हॉल में प्रदीप मिश्रा आईएफएस की अध्यक्षता में गुरुदेव की पादुकाओं का पूर्ण कुंभ से होगा. वहां के पदाधिकारीगण एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ डगॉवकर एवं प्रधानाचार्य डॉ अनामिका जैन स्वामीद्वय और चिन्मय मिशन के अन्य पदाधिकारियों का भी स्वागत करेंगे. स्वामी प्रबुद्धानंद और स्वामी अनुकूलानंद द्वारा वर्तमान में युवाओं के अंतर्मन में अध्यात्म का संचार और राष्ट्र-भक्ति पर प्रेरक उद्बोधन होगा. संध्या में 6.30 बजे रथ का काफिला स्कीम 140 स्थित आनंदवन फेस टू के प्रांगण में आमंत्रित है. वहां के रहवासी श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति पुरूषोत्तम दास पसारी की अध्यक्षता में गुरुदेव की पादुकाओं का पूर्ण कुंभ से स्वागत करेंगे. चिन्मय मिशन का यह 75वां वर्ष है इसलिए पचहत्तर दीपक जलाकर दीपदान भी किया जाएगा.

## फ्रेंकलिन टेम्पलटन ने शुरू किया चेंज द सोच ड्राइव

**इंदौर**. फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने चेंज द सोच ङ्क कन्याकुमारी से कश्मीर ड्राइव की शुरुआत की. यह अपनी तरह का पहला देशव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य खास तौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है. फ्रैंकलिन टेम्पलटन के भारत में 30 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित यह 30 दिनों की यात्रा देश के सबसे दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी से शुरू होगी। यह यात्रा 21 शहरों से होते हुए जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त होगी.

इस अभियान के तहत आसान और संवाद करने लायक वित्तीय शिक्षा से जुड़े सत्र, विशेषज्ञों की जानकारी और समुदाय से जुड़ाव के माध्यम से लोगों को म्यूचुअल फंड निवेश को सरल भाषा में समझाया जाएगा, ताकि हजारों भारतीय अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी खुद लेने का आत्मविश्वास पा सकें .फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट, अविनाश सत्वालेकर, खुद इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे. अविनाश सत्वालेकर ने कहा कि इस पहल के जरिए हम अलग-अलग पृष्ठभूमि की महिलाओं से जुड़ेंगे और उन्हें बचत, निवेश और डिजिटल वित्त को अपनाने के लिए जरूरी जानकारी और आत्मविश्वास देंगे.

एक नजर में ▶ राष्ट्रीय समूह गीत स्पर्धा में सत्य साईं प्रथम, जीडी गोयनका एवं न्यू दिगम्बर द्वितीय विजेता बने

# स्कूली बच्चों ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां



**इंदौर**. संस्था सेवा सुरभि, जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण की सहभागिता में चलाए जा रहे 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान के तहत मंगलवार को सुबह जाल सभागृह में शहर के प्रमुख 15 स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से प्रेरित अंतर विद्यालयीन राष्ट्रीय समूह गीत स्पर्धा में अपनी प्रस्तुतियां देकर समूचे सभागृह का माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत बनाए रखा.

बच्चों के बीच हुई स्पर्धा में पहला पुरस्कार सत्य साई विद्या विहार, द्वितीय स्थान जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार द एमराल्ड हाईटस इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया. मातुश्री अहिल्या देवी पब्लिक स्कूल एवं सिका सीनियर सेकंडरी स्कूल निपानिया को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए. सभी प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस मौके पर पर्यावरणविद किशोर पंवार ने तितलियों के बारे में रोचक जानकारियां भी दी. कार्यक्रम में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गान भी किया गया. संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित इस अभियान में मंगलवार को जाल सभागृह में गीता रामेश्वरम ट्रस्ट की सहभागिता में देशभक्ति से प्रेरित सुगम गान स्पर्धा का अनूठा आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक के रूप में दीपाली मोहरिल, शीतल अत्रे और संजीव गवते उपस्थित थे. अतिथि के रूप में समाजसेवी वीरेन्द्र गोयल, गौतम कोठारी, मुकेश पाटीदार एवं शिक्षाविद भावना पुजारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, पर्यावरणविद डॉ. किशोर पंवार, राजेंद्र मालवीय, अनुराग जैन, मुरली धामानी एवं शहर के गणमान्य नागरिक बच्चों के उत्साहवर्धन के स्वागत मोहित सेठ, मोहन अग्रवाल, अनिल गोयल, अशोक मित्तल, रमेश गुप्ता एवं नेमीचंद जैन ने किया।

**बच्चों में देशप्रेम का भाव आए...**

प्रारंभ में कार्यक्रम के सूत्रधार संजय पटेल ने कहा कि यह खास आयोजन बच्चों के लिए इसीलिए किया जाता है कि बच्चों में भी देश प्रेम का भाव आए और वे आने वाले कल को और अधिक खूबसूरती से लिख सकें. उन्होंने बच्चों को समझाईश भी दी कि वे गीतों की प्रस्तुति के समय क्या-क्या सावधानियां बरतें. संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा ने बताया कि बच्चों के लिए संस्था द्वारा 21 जनवरी को गाँधी हॉल स्थित अभिनव कला समाज पर शाम 7.30 बजे बाल भगवान नाटक का मंचन किया जाएगा जो अंधविश्वास पर प्रहार करने वाला एक प्रभावी नाटक है.